वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001

सं.8-1(3)/2008-सामान्य दिनांक : 30.07.2009

सेवा में,

**परिषद् की सभी प्रयोगशालाएं एवं संस्थान**

**विषय : 20 अगस्त, 2009 को सद्भावना दिवस मनाना।**

महोदय,

मुझे उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, वैज्ञानिक एवं औद्योगिकी अनुसंधान विभाग से प्राप्त पत्र सं.एफ-11020/3/2005-हिन्दी, दिनांक 20 जुलाई, 2009 की प्रतिलिपि, उसके अनुलग्नक के साथ सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित करने तथा यह अनुरोध करने का निर्देश हुआ है कि इस वर्ष 20 अगस्त, 2009 को परिषद् की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों में सद्भावना प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाए तथा 20 अगस्त से 3 सितम्बर, 2009 तक "साम्प्रदायिक सौहार्द पखवाड़े" का आयोजन किया जाए।

भवदीय,

(अजय कुमार हान्डा)
अनुभाग अधिकारी

संलग्नक : यथोपरि

Phones : EPABX-23710138, 23710144, 23710158, 23710468, 23710805, 23711251, 23714238, 23714249, 23714769, 23715303
Fax : 91-11-23714788, Gram : CONSEARCH, NEW DELHI E-mail : csirhg@sirnetd.ernet.in

No. F. 28-34/2009-NPYAD
Government of India
Ministry of Youth Affairs and Sports

Shastri Bhawan, New Delhi,
Dated the 8th July, 2009.

## OFFICE MEMORANDUM

Subject: Observance of "Sadbhavana Diwas" on August 20, 2009.

The birth anniversary of late Prime Minister of India Shri Rajiv Gandhi on 20th August is observed as "Sadbhavana Diwas" nation-wide every year. The theme of Sadbhavana is to promote national integration and communal harmony among people of all religions, languages and regions. The idea behind observance of Sadbhavana Diwas is to eschew violence and to promote goodwill among the people. To promote this idea further, the fortnight beginning from 20th August to 3rd September 2009 is observed as "Communal Harmony Fortnight" every year.

This year, the Sadbhavana Pledge taking ceremony may be observed on 20th August, 2009. An appropriate function may be organized in which all employees of the Ministry/Department/Organisation be associated and "Sadbhavana Pledge" be administered. The text of the pledge is given over-leaf.

Further, appropriate events may also be organized during the Communal Harmony Fortnight by the Ministries/Departments including organizations under their administrative control with a view to spreading the message of Sadbhavana and Communal Harmony.

It is requested that necessary steps may be initiated immediately and details of the programmes organized in this regard be intimated to this Ministry.

(D.P. Bhardwaj)
Deputy Secretary to the Govt. of India

Encl.: Text of Sadbhavana Pledge (over-leaf)

To

Union Ministries/Departments, State Governments etc.

केन्द्रीय पंजीकरण एकक
डायरी संख्या
दिनांक 16-7-2009

सं० एफ० 28-34/2009-एनपीवाईएडी

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,

दिनांक: 8 जुलाई,2009

## कार्यालय ज्ञापन

विषय: 20 अगस्त, 2009 को "सद्भावना दिवस" मनाना ।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व० श्री राजीव गांधी जी का जन्मोत्सव पूरे राष्ट्र में प्रतिवर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। सद्भावना का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों में राष्ट्रीय एकीकरण और साम्प्रदायिक सौहार्द का संवर्धन करना है । सद्भावना दिवस मनाने के पीछे मुख्य विचार हिंसा को समाप्त करना तथा लोगों में सद्भावना का संवर्धन करना है । इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 20 अगस्त से 3 सितम्बर, 2009 तक चलने वाले पखवाड़े को "साम्प्रदायिक सौहार्द पखवाड़े" के रूप में मनाया जाता है ।

इस वर्ष सद्भावना प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह 20 अगस्त, 2009 को आयोजित किया जाए । इसके लिए उपयुक्त समारोह का आयोजन किया जाए जिसमें मंत्रालय/विभाग/संगठन के सभी कर्मचारियों को जोड़ा जाए और "सद्भावना प्रतिज्ञा" ली जाएं । प्रतिज्ञा का पाठ अगले पृष्ठ पर दिया गया है ।

इसके अलावा मंत्रालय/विभागों तथा उनके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन संगठनों में सद्भावना और साम्प्रदायिक सौहार्द के संदेश का प्रचार प्रसार करने के लिए साम्प्रदायिक सौहार्द पखवाड़े के दौरान उपर्युक्त कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं ।

अनुरोध है कि इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाएं तथा आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा इस मंत्रालय को भेजा जाए ।

धर्म पाल भारद्वाज

(डी० पी० भारद्वाज)

उप सचिव, भारत सरकार

संलग्नक : सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा (अगले पृष्ठ पर)

सेवा में,

केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग, राज्य सरकारों आदि ।

(सूची के अनुसार)